१३ दाद १४ पांव १५ विस्फोटक १६ सतारू १७ विचर्चिका
१८ या अठारामध्यें सातमहाकुष्ट कपाल १ उदंवर २ मंडल
३ सिध्माविभूति ४ काकारण ५ पुंडरीक ६ रिक्षजिव्ह ७
अर इग्यारा ११ साधारण. अथ कुष्टरोगको पूर्वरूप लिष्य
ते पहली घणा होय वे व्रणको मल होय अथवा परधरोज्यां
को स्पर्श होय अथवा वे व्रण लूषा होय अथवा वा व्रणांमें
पसेव आवें अथवा तावडामें पसेव आवेनहीं अथवा व्रण
को वर्ण औरसो होय वां व्रणांमें दाह होय वांमें षुजालि-
आवे वा त्वचा सोय जाय वा व्रणांमें पीडा होय वे व्रण ऊंचा
होय वां व्रणांमें सूल घणी होय अर ततकाल षांकी उत्प
त्ति होय अर घणादिनांताई रहे अर कुपथ्य तो थोडो करें
अर कुपथ्यको कोप घणों होय अर वांने हुवो रोमांच होवोक
र अर वांमें लोही नीसरे येजीमें लक्षण होय तदि जाणिजे
ईकें कोढ होसी १ अथ कोढको सामान्य लक्षण लिष्यते
पूर्वजन्मका पापसेती मनुष्यांकी बुद्धि हैसो विकुर्वित हुईय
की कुपथ्य करें पाछे वा कुपथ्यांसूं कोपकूं प्राप्त हुवो जो वा
यपित्त कफ सो सरीरकी नसांनें प्राप्त होय अर सरीर
की त्वचाको स्वरूप औरसो ही कर देछे. तीनें वे वै
घहेसो कोढ कहैछे. १ अर वाय सरीरमें घणों कोप करे त

ठारामें सात कोढ छै. सो असाध्य छै वडा कष्टदाई छै. निंदक छै ज्यांकै वास्ते या ग्रंथमें सो
ठा भोगरस लिष्याछै और दान पुण्य जप होमादिक गुरु ब्राह्मणसेवा इ० उपाव सत्य छै.

दि कापाल कुष्टनें पेंदाकरैछै सरीरमें घणो सरीरमें पित्तकोप
कूं प्राप्ति होयतदि औदुंबर कोढनें पेंदाकरैछै सरीरमें कफको
पकूंप्राप्ति होयतदि मंडलनाम कोढनें करैछै अर वायपित्तसरीर
में कोपकूं प्राप्ति हुवा थका विवचीनाम कोढनें अर रिक्षजि-
ह्वनाम कोढनें पेंदाकरैछै अर वाय कफ सरीरमें कोपकूं प्राप्त
हुवाथका चर्मकुष्टनें किटिभकुष्टनें सिध्मानें अलसकुष्टनें
वैयादिया दिका कुष्टनें पेंदाकरै॰ पित्त कफसरीरमें को॰ थ
का दाहनें सतारुषीनाम कोढनें पुंडरीक कोढनें विस्फोट
क कोढनें पांवनें चर्मदल कोढनें पेंदाकरैछै साराही वायपित्त
कफ सरीरमें कोपकूं प्राप्त हुवाथका काकणनाम कोढनें पें
दाकरैछै ५ अथ सात महाकुष्टमें मध्यकापालिक कोढको
लक्षणलि॰ जींका सरीरकीत्वचा काली अर लाल अर-
जागां जागां फाडि अर लूषी अर कठोर अर सूक्ष्म होय अर
वैमें पीड घणी होय वें कोढनें वैद्यकपालनाम कहेंछै योकोढ
विसमछै दोहरोजाय १ अथ सात महा कुष्टमध्ये औदुं
बर छै तींको लक्षणलिष्यते जींका सरीरकी त्वचामें दाह
घणो होय अर ललाई घणी होय अर षुजालिघणीचालेरो
मरोममें अर रोम पीला होय अर सरीरकी त्वचा गुलर
का पक्या फल सिरीसी होय तीनें औदुंबर कोढ कहीजे २
अथ महाकुष्टमें मंडल कोढको लक्षणलिष्यते जींकी त्वचा
सुपेद अर लाल होय अर वास्थीर रहे अर चीकणी होय अर
ऊंची होय अर आली रहवो करै ईनें वैद्य मंडलनाम कोढ कहे
छै ३ अथसिध्मानामविभूति कोढको लक्षणलिष्यते जीं
की त्वचासुपेदतांबासिरीसीहोय अर त्वचा सूक्ष्म होय अर वे
त्वचामें षाजिआवे अर त्वचामिहीं मिहीं उतरतीजाय अर

वाविभूति मुष्याहि यामें घणीहोय घीयाका फूल सिरीसीती नें वैद्य सिध्मानामविभूतिकोढ कहेंछै ४ अथमहाकुष्टम ध्ये काकणीनामकोढ तींको लक्षण लिष्यते जींकी त्वचा चर्म सिरीसी होय विचमें कालो अंतमें लाल ऐसीहोय अर पांपकेनहीं जीमें पीड घणी होय तीनें वैद्य काकणनाम को ढ कहेंछै योसन्निपातका कोपसूं उपजेछै योभाछ्योंहोय नहीं ५ अथमहाकुष्टमध्ये पुंडरीकनाम कोढतींको लक्षण लिष्यते जींकीत्वचा सुपेद ललाईनेंलियां कमलकी पाषडी- सिरीसी होय योकफका कोपकूं होयछै ईनें वैद्यपुंडरीक नाम कहेंछै ६ अथरिक्षजिह्वनाम कोढतींको लक्षणलि ष्यते जींकी त्वचारक्तपर्यंत अंतमें लाल होय जीमें काली भी होयतीनें रिक्षजिह्वनामकोढ कहेंछै ७ अथ ग्यारा ११ छु द्र कोढछै तीमध्ये एक कुष्टनाम कोढतींकोलक्षणलिष्यते जींकी त्वचामें पसेवनहीं आवें अर घडोजींकोस्थान होय म छलीकाटूक सिरीसो होयतीनें एककुष्टनाम कोढकहेंछै १ अ थ गजचरम कोढको लक्षणलिष्यते हाथीकी चर्मसिरीसीजी कीत्वचाजाडी होयतीनें गजचर्म कोढ कहीजे २ अथ चर्म दल कोढको लक्षणलिष्यते जींकी त्वचा सूलनेंलीयां लाल होय अरजीमें षाजी चाले अरजीमें फारयासा होय अरजी का हाथका स्पर्शनें सह सकेनहीं तीनें चर्मदल कोढ क हिजे ३ अथविचर्चिकाकोढको लक्षणलिष्यते जींकी त्व चामें फुणस्यां षाजिनें लियां होय अर फुणस्यां काली होय अर ज्यां फुणस्यांमें चीपनिसरे या हाथ पगांमें होय छैतीनें विचर्चिका नाम कोढ कहीजै ४ अथपामानाम पा मकोढको लक्षणलि० जींकासरीरकै छोटी छोटी अर घणी-

फुणस्यां होय अर ज्यांमें चीपनी सरै अर ज्यांमें षाजि आवै अर लालफुणस्यां होय अर दाह होय तीनें पामानाम कोढ कहैछै ५ अथ दादनाम कोढको लक्षणलि० जीमें षाजी आवै अर लाल फुणस्यां होय अर त्वचासूं ऊंची होय ये लक्षण जीमें होय तीनें दादनाम कोढ कहीजे ६ अथ दादको भेद कछदाद कोढ तींको लक्षणलिष्यते जींका हाथ पगांके अथवा काछमें ढुंगाके जो फुणस्यां होय जीमें घणो दाह होय तीनें कछदाद कोढ कहीजे ७ अथ विस्फोटकनाम कोढको लक्षणलि० जींकी त्वचामें फोडा काला अर लाल अर छोटा होय तीनें विस्फोटकनाम कोढ कहीजे ८ अथ किटिभ नाम कोढको लक्षणलि० जींकी त्वचामें सूका व्रणका स्थानकीसीनाई कालाषर धरा कठोर ज्यांको स्पर्श होय तीनें किटिभनाम कोढ कहीजे ९ अथ अलसकनाम कोढको लक्षणलि० जींकी त्वचामें वडी फुणस्यां ललाईनें लियां होय जीमें षाजि आवे तीमें अलसकनाम कोढ कहीजे १० अथ सतारूनाम कोढको लक्षणलिष्यते जींकी त्वचामें फुणस्यां लाल काली दाहनें लीयां होय तीनें सतारूनाम कोढ कहीजे ११ ये अठारानाम कोढतो कह्या अथ सरीरकी सातूं धातांमें प्राप्त हुवा जो कोढ त्यांका जुदां जुदां लक्षण लिष्यते अथ रसधातमें प्राप्त हुवो जो कोढ तींको लक्षण लिष्यते त्व

* शरीरमें अनेक प्रकारका रोगछै· ज्यांकी जुदी जुदी प्रवर्तिक छै· परंतु घणा रोगतो वंश परंपरासूं चालैछै· घणा रोगतो ढडकर लागैछै घणा रोग वात पित्त कफकी प्रकृतिका विगाडिबासूं होयछै· पाजपा नेत्र दूषणा इत्यादि डडकर लागैछै· गलत्कोढ कोढ महा असाध्य क्षई भगंदर वंश परंपरासूं चाल्या आवैछै जीं वास्तै दानपुन्य जपादिक श्रेष्ठछै· गलत्कुष्ठी पिताका मैत्य कर्म करणै वाला पुत्रको कुष्ठ होयछै·

चामें स्थितिजो कोढतींकी त्वचाको स्वरूपऔर सो होय अर त्वचा लूषी होय अर त्वचा सोयजाय रोमांच रहबो करे पसेव घणों आवे येजीमें लक्षण होयतदि रस धात में प्राप्ति हुवो-कोढ जाणिजे १ अथ रुधिमें प्राप्तहुवोजो कोढतींको लक्षण लिष्य० जीमें षाजी आवे अर राधिनीसरे तदि जाणिजे लोहीमें प्राप्त हुवो कोढ छे २ अथ मास में प्राप्त हुवो कोढतीको लक्षण लि० जो कोढ पुष्ट घणो होय अर मूंढो घणो सूके अर फुणस्या कठोर होय अर वांमें पीड होय येलक्षण होयतो मांसमें प्राप्त हुवो कोढ जाणिजे ३ अथ मेदमें प्राप्त हुवोजो कोढ तींको लक्षण लिष्यते हाडांको नास होयजाय कुहणी आय रहे चाल्यो जाय नहीं सर्व अंग टूटिवा लागीजाय थोडी चोट सरवत्र फैलि जाय मूंढा सूके फुणस्यां कठोर होय अर वांमें पीडा होयजीमें ये लक्षण होयतनिं मेदमें प्राप्त हुवो कोढ जाणिजे ४ अथ हाड अर मींजीमें प्राप्तहुवोजो कोढतींको लक्षण लि० नाक गलिजाय नेत्र लाल होजाय अर वां घ्रणांमे कृमि पडिजाय कंठको स्वर घोघो होजाय अर घ्रणांमें पीड होय तदि जाणिजे हाडमें अर मींजीमें प्राप्त हुवो कोढ छे ६ अथ वीर्यमें प्राप्त हुवोजो कोढतींको लक्षण लिष्यते तींका माता पिताका वीर्यमें कोढको दोस घणो-होय वांका हुवाजी कोढी होय बेटा वा बेटी ७ अथ कोढको साध्यासाध्य लक्षण लि० कोढ वाय कफको होय अर त्वचा लोही मांसमें रहतो होय सोतो साध्य जाणिजे अर कोढ मेदमें जाय प्राप्त होय अर दोयदोसको होय सो जाप्य जाणिजे अर कोढ मींजीमें जाय प्राप्ति होय अर कृमि पडिजाय अर दाह होय आवे अर मंदाग्नि होयजाय अर त्रिदोसको होय सो कोढ असाध्य जाणिजे अर शुक्रमें प्राप्ति हुवोजो कोढ सो भी असा

ध्यजाणिजे १ अथ कोढको असाध्य लक्षण लि॰ कोढ विष-
रिजाय अर चूवा लागि जाय अर जीको कंठसूर घांघो पडिजाय
अर वेनैं वमन विरेचक दिकव्रादेनहीं ईसा पुरुषनें कोढ मारि
नांषे १ अथ कुष्टको भेद एक श्वित्री भी छै तींकी उत्पत्ति लक्ष
ण लिष्यते जो कोढकी उत्पत्ति सोही श्वित्रीकी उत्पत्ति श्वित्री
लाल होय अर चुवै कोयनहीं कोढ चूवै ईमैं यो भेद अर श्वित्री
को भेद येक किलास छै यो लाल होय छै॰ पुनः श्वित्री दोय प्र
कारको एकतो वायपित्त कफसूं उपज्यो अर एक व्रणसूं उप
ज्यो अथ श्वित्री कोढको साध्यासाध्य लक्षण लिष्यते मिही
होय कालावालामैं एक दोसको होय नवीन उपज्यो होय नहीं
अग्निसूं उपज्यो होय ईसो श्वित्री कोढ साध्य जाणिजे ईसै औ
र लक्षण होय सो श्वित्री असाध्य जाणिजे अथ कुष्टका मिला
पथकी दुष्ट जैसे और मनुष्यकै जायलागै तैसेही औरभीय
रोग और पुरुसांकै भी जाय लागे छै यो रोगांवालाको प्रसंग
करै तो अ॰ एकठा सोवे अ॰ आपसमैं वस्त्र पहरै तो अ॰ आपस
मैं कहीं वस्तको लेप करै तो इतना रोग उडि औरकै जाय लागै छै
सो रोग लिषूं छूं सोस १ कोढ २ जुर ३ राजरोग ४ आंषदूषणी
५ सीतला नैं ६ आदिलेर ये रोग उडि जाय लागे छै॰ पुनः कोढ
को असाध्य लक्षण लि॰ गुह्यस्थानमैं होय हाथमैं होय होठां
मैं होय सो कोढ जाय नहीं अथ कोढरोगका जतन लिष्यते ह
रडैकी छालि कणगचकी जड सिरस्यूं हलद वावची सींधोलुण
वायविडंग ये सर्व बराबरिले त्यानैं गोमूतमैं मिही वांटि को
ढको लेप करै तो कोढ दूरि होय १ इति पथ्यादिलेप अ
थवा वावचीनैं मिही वांटि आदाका रसकी वेकै पूट दे पा
छै ईको कोढकै उवटणो करै तो कोढ जाय २ अथवा

ब्रह्माजी मार्कंडेजीनें बतायोजो प्रयोग सो कोढनें आदिलेर
जो ओरभी रोग त्यांका दूरि करिवा वास्तै सूईं अठै लिषूंछूं
नींबका फूलांके समेतो नींबका फूलले अर नींबका फलां
कैसमै नींबका फलले अरनींबकी बकलले नींबकी जडले
अर नींबकापानले योनींबको पंचांगन बोले अरदोन्यूं हलद त्रि
फला सूंठि काली मिरचि पीपलि ब्राह्मी गोषरू सोध्योभिला
वा चित्रक वायविडंग सार वाराही कंद गिलवे बावची कि
रमालो मिश्री कूठ इंद्रजव पाट षेरसार ये बराबरिले यानें
मिहीं चांदि नांगरमोथाकारसकी यांकै पुटदे अरनींबका पं
चांगका रसकी यांकै पुटदे ७ पाछै भांगराका रसकी यांकै
पुट ७ दे पाछै यानें छाया सुकाय मिहीं चूर्णकरिले पाछै
आ छयों दिन टंक कोढवालानें जुलाब दे सहत कै साथि अथ
वा षैरसारका काढाकै साथि परभातकै समै गरम पाणीसूं
लेप्रमाण अधेलासूं पाछै स्यौंवधतोजाय टकाभरतांई उपर
हलको भोजन करै घृत समेततो अतना रोगांनें दूरिकरै ओ
नींने उदंबरनें पुंडरीकनें कपालनें दाहूनें किटभनें अलसक
नें सत्तारुनें विस्फोटकनें येसारीजातीका कोढछै त्यांनें वि
सर्प रोगनें इतनारोगांनें योनिंब पंच अवलेह दूरि करै छै
२ इति पंचनिंबअवलेह अथवा बावची टका ५। भरसो
ध्यो गूगल टका ५। भर सोधीसोनामुषी टका ३ सार ट
का २। गोरषमुंडीटका ३। कणगच टका १। षेरसार टका
५। गिलवै टका १। निसोतटका २। नागरमोथोटका १ बाय
विडंगटका १। हलद टका १। तज टका १। नींबको पंचांगट
का ५। त्रिफलाटका २ चित्रक टका २। या सबांनें मिहीं चांदि
टंक २ प्रमाण सहत घृतके साथि गोली करै पाछै प्रभातही

गोली १ गोमूत सूं लेतौ कोढमात्रनैं वातरक्तनैं पांडुरोगनैं उद
रोगनैं प्रमेहनैं गोलानैं यारोगांनैं योदूरि करेछै अर बूढापणां
नैं योदूरि करै छै. जुबांनपणानैं करेछै ४ इति त्र्यायं भूषोगू
गल अथवा चित्रक त्रिफला सूंठि मिरचि पीपलि जीरो कलौं-
जी वच सींधोलुण अतीस कूठ चव्य इलायची जवषार
वायविडंग अजमोद नागरमोथो देवदार ये बराबरि ले
यासर्वकी बराबरि सोध्यो गूगल ले पाछै यासर्वनैं मिही वांटि
येकजीव करि घृतसेती पाछै मासा चारी भरकी गोली करे प
छै गोली १ भोजनके समैं षायतौ कोढमात्रनैं कृमिनैं व्रणमा
त्रनैं संग्रहणीनैं ववासीरनैं मूंढाका रोगनैं गृध्रसीनैं गो
लानैं यांसारां रोगांनैं योदूरि करेछै १ इति केसोर गूगल.

अथवा सोध्या भिलावा सेर १२ पाणी सेर १६ में औ
टावै याऔटतां मे गिलवे सेर १२ कूटि नांषे पाछै ई पाणी को
चतुर्थांस आय रहे तदि उतारि छाणिले पाछै यांमे गऊको
घृत सेर ११ नांषे गऊको दूध सेर ४ इमैं नांषि मिश्री सेर १
इमैं नांषे सहत सेर ॥ इमैं नांषे पाछै ईनै मधुरी आंचसूं प
कावै ये सर्व जाडी होयजाय तदि ईनैं आंचसूं उतारि इमैं ये
औषदि नांषि वावचि टंक २ पवाडका बीज टंक २ नींबकी छालि
टंक २ हरडेकी छालि टंक २ आंवला टंक २ सींधोलुण टंक २
नागरमोथो टंक २ इलायची टंक २ नागकेसरि टंक २ पी

*: भिलावानाम संस्कृतमें भल्लातक कहेछै. मराठीमें बिव्वा कहे छै. गुजरातीमें भिलामा क
हेछै रुधिरका बिगाडनैं घणों श्रेष्ठछै. गलत कोढनैं मिटावैछै. एक हकीमकी किताबमें लिषीछै
भिलावा पाव १ तिल काला पाव १ षुरासाणी अजवायण पाव १ तीनौं चीज बारीक पीस
गोली सूपारी प्रमाणकी बांधणी गोली १ प्रात गोली १ संध्या दिन ४० तांई पथ्य विणां-
की रोटी देवै षाटो षारो सर्व टाले शरीर शुद्ध होय कोढको रोग जाय यालिषीछै.

नपापडो टंक २ पमाकटंक २ नेत्रवालो टंक २ षस टंक २ चंदन टंक २ गोषरू टंक २ कचूर टंक २ रक्तचंदन टंक २ यासर्व औषधीमिहीं बांटि मिलांवा उपरैका वेजाडारसमैंनेनांषिएकजीव करिइनैं टका १ प्रभात जलकैसाथिराजीनां लेतो सर्व कुष्ट भा जनें यात रक्तनें बबासीरनें यादूरिकरै ईअमृतभल्लातककोषा वावालो इतनी वस्त करै नहीं षेदकरै नहीं तावडेरहैनहीं अग्नि कनेजायनहीं षटाई षायनहीं मांसदहीषायनहीं तेललगा वैनहीं मार्गचालेनहीं ६ इतिअमृतभल्लातकावलेह अथवा नींबकी बकल गोरीसर मजीठ कुटकी त्रायमाण त्रिफला नागर मोथो पित्तपापडो बावची जवासो वच षेरसार रक्तचंदन पाठ सूंठि भाडंगी अरडूसो चिरायतो कुडाकी छालीनिसोत इंद्रायणकीजड मूर्वा वायविडंग चित्रक इंद्रजव मानपात गिलवे वकायण पटोल दोन्यूं हलद पीपलि किरमालाकी गीर सतोन्यूं वेत सांधी चिरमी कलहारीजडीकीजड रास्ना साटीकीजड दांत्यूणी सोध्या जमालगोटा भांगरो कटसेलो अकोट साषोटंक येसारी औषदी जुदी जुदी टका २ भरले त्यानें जौकूट करि सेर ३१६ पक्कापाणीमैं औटावै तींकोचतुर्थांस आयरहैतद इनैं उतारि छाणिजे पाछै त्रि लावा सोध्या सेर सोला पाणीमैं औटाय ईकोचतुर्थांसजुदो राषै पाछै यादोन्यांनें येकठा मिलायले पाछै यादोन्यांका रस मैं गुड टका १०० भरकीचासणीमैं ये औषदिनाषे सूंठि टका १। मिरचिटका १। पीपलिटका १। त्रिफला टका ३। नागरमोथोटका १। वायविडंगटका १। चित्रकटका १। सींधोलु णटका १। चंदनटका १। कूठ टका १। अजमोदटका १। तज टका १। पत्रज टका १। नागकेसरिटका १। इलायचीटका १। ये

सारीऔषदीमिह्रीवांटिअवलेहमैंनांषियांकोएकजीवकरै
पाछैंआछ्योद्विनदेषिटका१. रोजीनां ईनें षायतोसर्वको
ढमात्रनैंववासीरनैं व्रणमात्रनैं कृमिरोगनैं रक्तपित्तनैं उदा
वर्तनैं कांसनै सासनैं भगंदरनैंयासारांरोगांनैंयोदूरिकरै
अरजुवानपणांनैकरैछै सरीरकी परम कांतिनैं करैछै. भूष
निपट घणीवधावै छै ईंको षावावालो षटाईउगेरैकुपथ्यकरै
नहींगरमवस्तूषायनहीं इतिमहाभल्लातकअवलेह् ७ अ
थवा मजीठ त्रिफला कुटकी वच दारू हलद नींबकी छालि
गिलवै यानैंबराबरिलेत्यांनैंजौकूटकरिटंक ५ को काढो रो
जीना लेनो कोढमात्रनैं वातरक्तनैं विसर्पनैं विस्फोटकनैं योदू
रिकरैछै अभ्यासकर्‍योथको इतिलघुमंजिष्टादिककाथ
८ अथवा मजीठ वावची पवाडनी वकी छालि हरडेकी-
छालि हलद आवला अरडूसो सतावरी सरैंटी गंगेरणकी
छालि मेहलोठी महुवो कट्याली पटोलषसगिलवै रक्तचंदन
ये सर्वबराबरिले यानैंजौकूटकरिटंक ५भरको काढोकरिदे
तो सर्व कुष्टमात्रनैं वातरक्तनैं योदूरिकरैछै इतिमध्यमंजि
ष्टादिकाथ अथवा मजीठ इंद्रजवगिलवै नागरमोथो वच
सूंठि हलददोन्यूं कट्यालीनींवकी छालिपटोलकूठ कुटकी
भांडगीवायविडंगचित्रकमूर्वा देवदारूजलभांगरोपीपलित्रा
यमाण पाठ सतावरी षैरसार विजैसार त्रिफला चिरायतो
वकायण किरमालाकीगिरि निसोत वावची रक्तचंदन
वरण्यो दात्यूणी सांषाहूं अरडूसो पित्तपापडो गोरीसर
अतीस जवासो इंद्रायणकी जड येसर्व बराबरिले यांनै
जौकूट करिटंक ५ को काढोरोजीनां करिदेतो अठारा प्र
कारका कोढमात्रनैं वातरक्तनैं लोहीका विकारमात्रनैं वि

सर्परोगनैं त्वचाका सूंन्यपणानें यांसारां रोगांनें यो दूरि करे छै १० इति वृहन्मंजिष्ठादिक्वाथ अथवा काली मिरचि नि सोत नागरमोथो हरताल देवदारू दोन्यूं हलद छड कूठ र क्तचंदन इंद्रायणकी जड कलोंजी आककाे दूध गोबरको रस ये सारी ओषदि अधेला अधेला भरिले सींगी मुहरो पईसा एक १ भरले कडवो तेल सेर १ ले पाणी सेर ४ गो मूत सेर ८ पाछै यांसारानें मधुरी आंचसूं ओटावे पाछै येस वंजल उगेरै वलिजाय तेलमात्र आयरहे तदि ईनें उतारिले पा छै ईको मर्दन करे तो सर्व कुष्टमात्रनें यो दूरि करेछै ११ इति लघुमरीच्यादितैलम् अथवा काली मिरचि निसोत दां त्यूंणी आकको दूध गोबर गोरस देवदार दोन्यूं हलद छड कूठ रक्तचंदन इंद्रायणकी जड कलोंजी हरताल मैणसील कनीरकी जड चित्रक कलहारीकी जड नागरमोथो वाय विडंग पवाड सिरसकी जड कुडाकी छालि नींबकी छालि सतोन्यांकी छाली गिलवे थोहरीको दूध किरमालाकी गिरि षैरसार वावची वच मालकांगणी ये सर्व ओषदि टका टका भरिले सींगीमुहरो टका २। भरले कडवो तेल सेर ४ ले गोमूत सेर १६ ले यां सारांनें येकठा चढाय मधुरी आं चसूं पकावे पाछै सर्व गोमूत उगेरै वलिजाय तेलमात्र आयरहे तदि उतारि छाणिले पाछै ईतेलको मरदन करै तो सर्व कोढ मात्रनें व्रणमात्रनें पावनें व्यौंचीनें दाहनें फोडानें सुष्कीछायानें यां रोगानें ईतेलको मर्दन सिरे छै अ र ईको मर्दन कस्यो थको जोवनपणानें करे छै अर यो वायमात्रका रोगानें मनुष्याका घोडाका हाथीउगेरैकानें दूरि करे छै १२ इति महामरीच्यादितैलम् अथवा हरता-

लकापत्र चोषालेत्यांनै चित्रककारससूं दिन १ षरल करैयो ई इहीं हरतालनै साटिकारससूं दिन १ षरल करै पाछै ईंकी डिकुडी करि आछीतरैसूं कावै पाछै ईं हरतालनैं साटीका पंचांगकाषारकीविचि मैलीचूलेचढावै ई हरतालको धूंवो निकलिवादेनहीं ईसीतरै वे हरतालकी टिकडीनै वे साटीका षारकैवीचि षूबदाबिदे पाछै वेंकैनीचे मधुरी आंचदे निरंतर रात्रिदिननां ई पाछै वधावणी दिन ४ तांई पाछै स्वांगसीतल हुवावें हरतालकी टिकडीनै वै षाटीसार मांहिसूं निपट जाब तासूं चतुर मनुष्य काढे यां हरताल नील पूरिउतरै निर्धूम होय अर सुपेद होय पाछै ई हरतालनै रति २ मनुष्य षायइ ऊपरि गुडूच्यादिकको क्वाथ लेतो अठारा प्रकारका कोढनैं वा तरक्तनै उपदंसनै फिरंगवावनै या हरताल दूरि करै छै अर ई हरतालको षावावालो लुणषटाई कडुवो रस ताव डोयसेवे नहीं अर लूणविनानहीं रयोजायतो सीधो लुणषाय अर मीठो घणो षाय १३ इति हरतालकी विधिः इहीनैं तालके स्वर रस कहे छै अथवा पारो सोधीगंधक ताम्रेश्वर सार गूगल चित्रक सिलाजित कुचिलावच अभ्रक येसर्वबरा बरिले कणगचका बीज एकओषदीसूं चोगुणाले प्रथम पारा गंधककी कजली करै पाछै ई कजलीमें येसारी ओषदि मिलाय एकजीव करै पाछै ईनैं टंक २ सहत घृतके साथिरोजीनां षाय ऊपरसूं चावल दूधहीषायतो गलत्कोढजाय अर सरीर येंको महासुंदर कामदेवसिरीसो होजाय

* ताम्रभस्मनैंताम्रेश्वर कहेछै; परंतुताम्रभस्मशुद्धहोय सोगुणकरैछै कदाचित्अशुद्धरहीथकी महाअवगुणकरैछै. याग्रंथमैंताम्रभस्मक्रिया तरंग २३ पत्र ५०१ मैंछैसुप्रयोगछै. परंतुक्रियासिद्धीछैपरीक्षाकरलेणी. परीक्षा साबुत उतरैतो भस्मशुद्धजाणिजे परीक्षामैंकसरहोयतो भस्मअशुद्धछै.

षोरस षायजानैंस्त्रीसंगकरैनहीं १४ इतिगलत्कुष्टारिरसः
अथविभूतिकोजतनलिष्यते कूठमूळीकाबीजसिरस्यूंहलद
केसरियांनैसिरसकाजलकरि पकाय लेपकरैतौघणादिनकी
भीविभूतिजातीरहै १५ अथवा केलीकोषार हलददारुहलद
मूळीकाबीज हरताल देवदारुसंषकोचून येबराबरिलयानैंना
गरवेलका पानांकारसमैंमिहीवांटिलेपकरैतौ विभूतिदूरि
होय १६ अथचर्मदलकोढकोजतनलि० अमचूर ईमैंकिंचित्सीं
धोलुणजीनैंजलसूंतांबाकापात्रमैंतांबाकाघोटासूं षूवपिसिवे
केलेपकरैतौ चर्मदलकोढजाय १७ अथपावकोजतनलिष्य
तेजीरोटंका१ सिंदूरटंक५ यां दोन्यांनैं कडवातेलमैंषूववांटि
पकाय ईकोलेप करैतौ पाव आछीहोय १८ अथवा मजीठ
त्रिफला लाष कलहारीकीजड हलद आंवलासारगंधकयां
नैं बराबरिले यांनै मिहीवांटि तावडेषूवगरमकरिपाछैयांको
लेपकरैतौपावजाय १९ अथवा पारोदोन्यूजीरादोन्यूंहलदका
लीमिरचिसिंदूर आंवलासारगंधकमैणसील यानैबराबरले
पाछै पारागंधककीकजलीकरिईकजलीमैंये औषद मिहीं
वांटि गऊका घृतमैंदिन१ षरलकरैपाछै ईकोमर्दन करैतौपा
वजाय २० अथवा पारो आंवलासारगंधकनीलोथूथोकाथ-
मिहंदीषुरासाणी अजवायणमोम मालकांगणीयेसर्व औ
षदिबराबरिलेपाछै पारागंधककीकजलीजुदीकरै अरमोम
नैंघृतमैंजुदो पघलावै येऔषद्यांजुदीवांटै पाछै पारागंध-
ककीकजलीमैंसर्वऔषद्यांगऊकाघृतसूंएकठीवांटिदिन१ लां
ई पाछै ईकोमर्दनकरैतौपावउगैरेलोहीकासर्वरोगजाय २१
अथवासोधीआंवलासारगंधकटंक२ नीलोथूथो मासा३
या दोन्यांनैं पाणीसूं मिही वांटिगोली१ बांधिलेपाछै ईगो

लीनै मिहीं कपडामें बांधै पोटली करै या पोटली गोडांकी बांटिअ
लूणिमें सेकै बांटि तीन चारीमें पाछे बांटि घृतमें चोपडि पुवावै अ
थवा यांको बूरासूं चूरिमो करि षाय दिन ५ तौ पांव उगरै लो-
हीका विकार जाय २२ अथवा सींधोलुण पवाडका बीज स
रस्यू पीपलि यांने कांजीका पाणीमें मिही वांटि लेप करैतौ
षुजालि दूरि होय २३ अथ कछ दादकी औषदि लि० आंकका
पानांको रस अर हलदका कादाको रस यामें सिरस्यूंको ते
ल पकावै पाछै ईको मर्दन करैतौ कछ दाद जाय २४ इति अ
र्क तैलम् अथवा मेणसील हिराकसीस आंवलसार गंधक
सींधोलुण सोनामुषी पथरफोडी सूंठि पिपलि कलहारी कनी
र पवाड वायविडंग चित्रक दांत्यूणी नींबका पांन ये औषदि
अधेला अधेला भरिले त्यांने जलसूं मिही वांटि ईका पाणी
में कडवो तेल सेर २ दोय पकावै तीमध्यें आकको दूध अर
थोहरीको दूध अध अध पाव नांषे अर ईमें गोमूत सेर १४
नांषै पाछै याने मधुरी आचसूं पकावै ये सारी बलिजाय तेल
मात्र आय रहै तदि ईको मर्दन करैतौ असाध्यभी कछदा
द जाय पांव षुजाली लोहीका सर्वरोग जाय २५ इति कच्छ
राक्षसनाम तैलम् अथ दादका जतन लिष्यते कूठ वायवि
डंग पवाडका बीज तील सींधोलुण सरस्यूं ये बराबरिले
यांनै षटाईसूं मिही वांटै पाछै ईको लेप करैतौ दादकोढ
दूरि होय २६ अथवा दोब हरडैकी छालि सींधोलुण पंवा
डका बीज कंडीरकी छालि ये बराबरिले पाछै यानें कांजीमें
अथवा छाछिमें वांटि ईको लेप करैतौ दाद कछ दाद जाय
षाजीभी जाय २७ अथ श्वित्रीनाम कोढ तीका जतन-
न लिष्यते बहेडाकी छालि कठवर वावची यांको का-

ढोलेतौश्विविनाम कोददूरिहोय २८ अथवा हरताल मैंण सील चिरमी चित्रक यांनें गोमूतमें मिही वांटिलेप करेतौश्वि त्रीनाम कोढ दूरिहोय २९ अथवा विष्णुक्रांत सांषा हुली वावची आंवला षैरसार यांको सेवन करें अरपथ्यमें रहेंतौश्वित्रीनामकोद दूरिहोय ३० ये साराजतनभावप्रकास मैं लिष्याछे अथवा हलद टका ८ भर गऊको घृत टका ६ भर गऊको दूध सेर ४ मिश्री टका ५० भर सूंठि टका १। भर काली मिरचि टका १। पीपलिटका १। तजटका १। पत्रजट का १। नागकेशरिटका १। वायविडंगटका १। भर निसो तटका १। त्रिफला टका १। केसरिटका १। भर नागर- मोथाटका १। भर पाछे यानेंमिहीजुदांवांटि घृतमें पकरांध हलदमें दूधमें ईंकोषरोमावो करें पाछे ईंमावा समेत षांड कीचासणी करि चासणीमैं मावो अर सारी औषधां ईंमें नांषे पाछे ईंकी गोली टका एकेक भरकी बांधे गोली १ रोजी नां षायतौ कोढनें षुजालिनें फोडानें दादनें यारोगानें योदूरि करैछे ३१ इतिहरिद्रषंडः अथहरतालमारवाकीविधिः हरताल चोषी लबकीयालेंतामैं दसवांहिसा रूवागाकाहू कमिलायवेंकीवाफ नाका कपडाकीचारीपुटकीपोटलीक रें पाछैवापोटलाजंभीरीकारसकेंबीचेमेंलिडोलकायंत्रकरि पाछे वेंकेंनीचेंआछीगाडीआंचदे पहरदोयकी २ औरू औटावे पाछे इहींतरें कांजीका पाणीमें औटावे पाछे इहींत रें पेठाकापाणीमें औटावे पाछे इहींतरेंतेलमें औटावे पाछेइ हींतरेंत्रिफलाकापाणीमें औटावे पाछे ई हरतालनें कहींत रेंकीषदाईमें धोयलेपाछे ई हरतालनें छीलाकीवकलकार समें षरलकरेदिन २ रात्रिदिन पाछे ईंनें नावडेसुकाय ईंको

गोली करै पाछे ईं गोलानैं सरावासंपूटमें घूवजतनसूं मेले पा
छे वे सरावाके षामदे पाछे गजपूटदे आरणाछाणामें फूकि
दे पाछे स्वांगसीतल होय जदि वे मांहिसूं वे हरतालका संपु
नैं काढै पाछे ईसंपुटमांहिसूं वे हरतालनैं काढै पाछे वे हरता
लनैं बकरीकादूधसेती दिन १ षरलकरै पाछे ईंको गोलो करि
औरु तावडे ईंगोलानैं सुकायलै पाछे पलासकी राषसेर १४
पक्की हांडिमें घालि वे राषकेबीचिवें हरतालको गोलोमेलेषू
वनिपटगाढदावे वाराष हांडिमें दाबिभरे मूंढाताईं पाछेवा हां
डीचूलेचढावैनीचे आंचदे वेको धूवोनीसरवादेनहीं ईसतरेदा
बिवाराषहांडिमें भरे पाछे आंचअनुक्रमसूं दे मंदमध्य अर
निपटगाढी प्रहर ३२ की पाछे ईनें स्वांगसीतल हुवांईं हरताल
नैं वेमांहिसूं काढे वा हरताल ईमांहिसूं सुपेदनीकलेनें धूम
मोलकी पूरी पाछे ईनें पुराणागुडकेसाथि रत्ति १ षाय ईंऊप
रिचणाकी रोटी साटीचावल गऊको घृत दिन २१ ये षाय ईं
ऊपरि लुण षटाई षायनहीं तौ अठारा प्रकारका कोढनैं वा
तरक्तनैं फिरंगवायनैं यां हरताल दूरिकरैछे ३२ इति हरताल
मारणविधिः अथवा पारोटंक २ सोधीगंधकटंक २ हरता
ल टंक २ मैणसील टंक २ वावची टंक ५ धूमसो टंक २ सिंदूर
टंक २ दोन्यूं हलद टंक ५ यां सारानैं गऊका घृतसूं षूब मिही
वांटिलेप करे तावडे रहे प्रहर २ पाछे स्नान करे तौ कंडूनैं दाहनैं
कृमिनैं कोढनैं दिन ३ मांहि दूरिकरै ३३ अ० छीलाकी जड

*: कंडूनाम षाजकाछे जीनैं षरुजबी कहेछे वडोरवराबरोग छै ईकेवास्ते अनेक औषधी छे
परंतु दक्षण हैद्राबादमें एक विद्वान् वैद्य चेनजी जन्नीछा· जीनें पूछी गुरांसाब औषाजकोरो
गसाधारणछे मनुष्यनें हैरानकरैछै सुगमउपावकहो- उत्तरः जंगली विद्यमकोमगज
दहीमें पीसकर षारकेमर्दनकरेतौ आरामहोयपछेयाऔषधीघणांकेलगाईसो विनाअ
चलआरामहुवाछे·

कीसूकीवकल टका२५। भरतींकीराषकरैतीकैविचिचोषी
हरताल तबकीयां मासा२५ जतनसूंवैमैंमेलैनवीन गाढी श्रा
छीहांडीमेंदाबे पाछे वे हांडिऊपरि सरावोदेविनामूंद्यां पाछे
वेहांडिनें चूल्हेचढावे पाछे वेकेनीचैनीपट गाढीअग्निबालेप
हर ५० तांई पाछेस्वांगसीतलहुवांवेनेंवस्त्रसूंछाणिलेपाछे ई
राषनेंरति १ विनासेक्याजीरासाथिलेजीरोमासा १ वांट्यो यां
दोन्यांनेंएककरिपक्कानागरवेलीका पान केसाथिसीतलजल
सूंषाय ईंउपरिचणाकी रोटीषायअलुणी मंडल एकतांईईंको
षावावालो पवन तावडे षायनहीं ई विधिसूं रहेतो अठाराप्र
कारका कोढनें वातरक्तनें व्रणमात्रनें पीडिकानें वातव्याधी
नें यांसारांरोगांनें यो निश्चय दूरि करेछै ३४ अथदादकाज
तनलिष्यते पवाडकाबीजबावची सिरस्यूं तील कूठ दोन्यूंह
लद नागरमोथो ये बराबरिलेयांनें छाछिनैंपूवमिहीवांटिपा
छे ईंको लेप करेतो दादकंडु व्योंची ये सारा दूरि होय ३५ अथ
कोढकादूरि होवाको लेप नीलोथूथो रूहागोये दोन्यूं टंक २ वा
वचीटंक ५ यातीन्यांनें मिहीवांटिजलभांगराकारसकी यांके
पूट ७ दे पाछे यांकोलेपकरैतो कोढजाय ३६ ये सर्वजतनवैद्य
रहस्यमैं लिष्याछै अथमहालेपलिष्यते पारोटका १। संषको
षार टका१। आंधीझाडाकोषार टका १। तिलांकोषार टका१।
साटीको सार टका१। हरडेकोषार टका १। अरडूसाकोषारट
का१। पटोलकोषार अरंडकोषार जवषार सुहागो साजीनो-
सादर आंवला सार गंधक पांचूंलुण कूठसूंठि कालीमिरचि
पीपलि डांसन्यांकीजड कणगचकीजड कलहारीकीजड हल
द जमीकंद गोरषमुंडीकोषार कडुवाकोषार पीपलिकोषार
राईसिरस्यूंसिंदूर सीलाजीत पापडषार कपेलो लोद थोह

रकीजड आककीजड नीलोथूथो चित्रक आंकका पंचांगको षार ये सारी औषदी जुदी जुदी टका १ लीजे पाछै या सारी औषधांनै मिही वांटि एकठी गोमूतसूं ताम्रका वडा पात्रमें रषै पाछै ईहीमें इतनी वस्त और नांषे भैंसिको मूत घोडाको मूत बकराको मूत हाथीको मूत उंटको मूत जंभीको रस नींबूको रस बिजोराको रस नारंगीको रस चेणषार सहजणाको रस सानूं धातांकी कांजी राईका संजोगकी ये सारी थांका अनुमान माफिक घालै वैंको मूंडो ढांकि दिन २१ जाबना सूं मेलि रापै पाछै ईको लेप करै तौ सर्व कोढमात्र दूरि होय अर ये रोगभी ईका लेपसूं जाय गंडमाला विसर्प ववासीर ज्योंची वायका-सर्व रोग महिना १ में ये सर्वरोग जाय ३७ ये रस संग्रह मैं लिष्या छै इति कोढरोगकी उत्पत्ति लक्षण जतन संपूर्णम्

इतिश्रीमन्महाराजाधिराज महाराज राजराजेंद्र श्रीसवाई प्रतापसिंहजी विरचिते अमृत सागर नाम ग्रंथे भगंदर उपदंस लिंगार्सकरोग कोढ यासर्व रोगांका भेद संयुक्त उत्पत्ति लक्षण जतन निरूपणं नाम षोडशस्तरंगः १६ अथ शीत पित्त उदर्द कोढ उत्कोढ यारोगांकी उत्पत्ति लक्षण जतन लिष्यते॰

सीतल पवनका स्पर्श कस्या थकां कफ अर पवन हैसो दुष्ट होय पित्तकरिकै सहित आपका कारणकरिकै दुष्ट होय त्वचाके मांहि अर बारै थाय अर कफकरिकै सीतपित्तादिक रोगानै पैदा करै छै १ अथ सीतपित्तादिकको पूर्वरूप लिष्यते तिसलागे अरुचि होय वमनसी आवै देहमें पीडा होय सरीर भास्यो होय नेत्र लाल होय॰ ये लक्षण होय नहिं जाणिजे सीतपित्तादिक रोग होसी १ अथ सीतपित्त उदर्दको लक्षण लि॰ जैसे कीडिका काट्या दाफड होय आवै तैसें त्वचा ऊपरि दाफड

णाहोयजाय अर वांमें षाजी आवे अर पीड घणी होय ओर फदणी होय अर जुर होय अर दाह लागीजाय तदि जाणि जे सीतपित्तछै अर इहीनें उदर्द कहीजे वायको अधिक होय तो सीतपित्त जाणिजे कफको अधिक होयतो उदर्द जाणिजे· यो सिसी ऋतुमें घणो होय छै·१ अथ कोढउत्कोढको जतन लि॰ वमन आवतां नें रोके तदिपित्तकफदुष्टहुवाथका लाल लाल पुजालिनें लियां ढाफडसरीरमें करिदेतीनें कोढ कहजे येथोडी वार वार रहे अर येही घणी वार रहेतो उत्कोढ कहीजे येथोडीवार रहे अर येही घणीवार रहेतो उत्कोढ कहीजे १ अथ सीतपित्त उदर्द कोढउत्कोढ या रोगांका जतन लिष्यते औषधांसूं वमन कराय देतो सीतपित्त उदर्द दूरि होय १ अथवा पटोल नींबकी छालि अरडूसो त्रिफला गूगल पीपलि यांको काढो देतो सीत पित्त उदर्द जाय २ अथवा जुलाब देतो सीतपित्त उदर्द जाय ३ अथवा कडवा तेलको मर्दन करे अर सरी त्रिफला सहतसूं षायतो सीतपित्त उदर्द जाय ५ अथवा कुटकीको जुलाब ले मिश्रीका संजोगसूं तो सीतपित्त उदर्द जाय ६ अथवा गुड आंवला षाय अथवा सूंठि अजवायणि कालीमिरचि पीपलि जवषार यांको चूर्ण टंक २ दिन ७ गरम पाणी सूं लेतो सीतपित्त उदर्द जाय ७ अथवा आदाको रस पुराणो गुड षायतो सीतपित्त उदर्द जाय ८ अथवा अजमोद टंक ५ गुडटंक ५ या दोन्यांनें एकठा करि दिन पांच सात रोजीनां षायतो सीतपित्त उदर्द जाय ९ अथवा सरस्यूं हलद पवाडका बीज तिल यासाराने कडवा तेलनें मिहीं बांटि लेपकरेतो सीतपित्त उदर्द जाय १० अथवा वकायणका वका

कीबकल टंक५ मिही वांटि गऊका घृतके साथि पीवैं तो सीत पि
त्त उदर्द जाय ११ अथवा लोही कदाजै तो सीतपित्त उदर्द जाय १२
अथवा आंवलानें अरनी बकाको मलपानानें घृतमें तलि टका १
प्रमाण मनुष्य दिन १५ षायतो फोडाका रोगनें पित्तनें कृमिनें-
सीतपित्तनें षुजालीका रोगनें गरमीका रोगनें कफका रोगनें यो
दूरि करैछे १३ अथवा छोल्या आदाका टूक छोटा छोटा सेर १
का करै अर गऊका घृत सेर ८।· लेनौ गऊको दूध सेर ८२ लेनौ
को मावो करै तामें आदाका टूक घृतसूं चोपडि बैं सें नांषे पाछैवे
में मावा नीचे आंच देवें कोषें सैं मावो करै अर मिश्री सेर ः१ एक
की चासणी करै पतली अवलेह की सी तिनिं चासणीमें मावो नांषे
अर ये औषदि मिही वांटि नांषे सो लिषूंछूं पीपलामूल मिरचि-
सूंठि चित्रक वायविडंग नागरमोथो नागकेसरि तज इलायचि
पत्रज कचूर ये सारी औषदि जुदि जुदि टका १· एकेक भरि लेत्यां
नें मिही वांटिवानें मिश्रीकी चासणीमें नांषे पाछै ईनें रोजीना टं
का १ संध्यानें षायतो सीतपित्तनें उदर्द कोढनें उत्कोढनें राजरो
गनें रक्तपित्तनें षासनें सासनें अरुचिनें वायका गोलानें उदाव
र्त्तनें सोजानें षुजालिनें कृमिरोग उदरका रोगनें यां रोगांनें यो अवले
ह दूरि करैछे अर यो बलवीर्यनें वधावै छै अर सरीरनें पुष्ट करैछे
१४ इति आद्रकषंड अवलेहः ये सर्व जतन भाव प्रकासमें-
लिष्या छै अथवा सींधो लुणनें घृतमें मिही वांटि जे सरीरके
मर्दन करै पाछै लालका मलो ओढै तो पित्त रोग जाय १५ अथवा ग

* पत्र· ३४७ सीतपित्तादिक है सो प्रसिद्ध छै ज्यांमें पित्ती एक उपद्रव छै सो यांको आवांतर भेद छै
जीमें साध्य असाध्य कष्टसाध्य छै· पित्ती होयकर तत्काल आछी होयसो तो साध्य छै· औ
षधीसे यांथकी जाय सो कष्टसाध्य छै कदाचित् शरीरमें रहजाय तो असाध्य छै· विगाड
करैछै· औरभी अनेक जातीका रोग पैदा करैछै· जीनें हरेक साधनसे आछी करणी चाहिजे·

ऊंको घृत गेरूसींधोलूणकसुंभाकाफूलयेबराबरिलेत्यांनेंमि
हीवांटिसरीरकेउबटणोकरेतोपित्तीदूरिहोय १६ अथविशय
तोअरडूसोकुटकीपटोलत्रिफलारक्तचंदननींबकीछालियांको
काढोलेतोपित्तकारोगनेंफोडानेंदाहनेंज्वरनेंमुषसोसनेंतिसका
रोगनेंवमननें यांसारारोगानेंयोकाढोदूरिकरेछै १७ अथवा
अरणाछाणांकीराष सरीरकेमर्दनकरेतोपित्तीजाय १८ अ
थवाफिटकडीनागरवेलिकापानांकारसमेंवांटिवेंकासरीरकें
मर्दनकरेतोपित्तीजाय १९ अथवा लूसण टकाभरषाय अ
थवा त्रिफला टका ५। भरमिहीवांटिसहतसूंचाटेतोपित्ती
जाय २० येसर्वजतनवैद्यरहस्यमेंलिष्याछै अथवा मेथी दा
णाटका१। भरकालीमिरचिटका१भर हलद टका १। यांसारानें
मिहीवांटेपाछैयांकैआदाकारसकीपुट ३ देपाछैगोलीटंक २ प्र
माणकरेपाछैगोली १ रोजीनांषायतोपित्तकासर्वविकारनें
दूरिकरेछै २१ योवैद्यरहस्यमेंलिष्योछै इतिसीतपित्तउदर्द
कोठरोगयेपित्तीकाभेदछैत्यांकीउत्पत्तिलक्षणजतनसंपूर्ण
स्न अथअम्लपित्तकीउत्पत्तिलक्षणजतनलिष्यते लूणका-
षावासूं षटाईकाषावासूं कडवीवस्तांकाषावासूं गरमवस्तक
षावासूं औहीपित्तहैसोकोपकूंप्राप्तिहोयअम्लपित्तनें पैदाक
रेछै सोअम्लपित्तरोगथी ३ प्रकारकोछै वायको १ कफको २
कफवायको ३ अथअम्लपित्तकोलक्षणलिष्यते अन्न पचै
नहीं विनांषेद करयोश्रम होय वमनसोआवोकरे कडवीषा
टीडकारआवे सरीरभारयो होय हियामें कंठमें दाह होय
भोजनमेंअरुचि होय ये लक्षण होयजीनें अम्लपित्त कही
जे १ योअम्लपित्तदोयप्रकारकोछै एकतो ऊर्ध्वगामीसोतो
मुषमांहिहोयकरिजाय येकअधोगामी गुदा द्वाराभी-

होयछै अथ ऊर्ध्वगामी अम्लपित्तकोलक्षणलिष्यते जो व
मन करै सो हरयो पीलो नीलो कालो लाल अत्यंत निर्मल औ
मांसका जलसिरीसो अर अम्लपित्त कफसूं मिल्यो होयतौ
घणोचीकणो छादै अर करडो सलुणो तीषो छादै १ अथ
अधोगामी अम्लपित्तको लक्षण लिष्यते जींका मलमें ना
ना प्रकारको वर्णहोय अर तिस होय दाह होय मूर्छा होय
मोह होयहियो दूषै वमनसो आवै सरीरमें दाफड होयआवै
अर डकारघणी होय अर कंठमें कूषिमें हियामें दाहहोयसरी
रमें पीडाहोय हाथपगामें दाहहोय भोजनमें अरुचि होयज्व
र होय येलक्षणजीमें होयतदि जाणिजे ईकै अम्लपित्तकोरो
गछै १ अम्लपित्तकेविसै औरभी दोसांको मिलाप छै सोलि
ष्यते ईअम्लपित्तकेविसै वायकोभी मिलापहोयछै अर क
फकोभी मिलाप होयछै ऐसैवैद्यहैसो मोहकूं प्राप्ति होयछै
अथदोषभेदकरिकै अम्लपित्तकोभेदलिष्यते जीमें कांप
णीहोय प्रलापहोय मूर्छाहोयशरीरमें चिमचिमाटी होय.
अर सरीरमें पीडा अर सूल होय अर अंधेरी आवै अरभो
लिआवै अर मोह होय अर हर्ष होयआवै तदि जाणिजे
अम्लपित्तमें वायको मिलापछै १ अथवा कफथूकै सरी
र भारयो होय अरुचि होय सरीरमें सीत लागै वमन होय
अग्निजातीरहै बलजातोरहै सरीरमें षुजालि आवै अ
र नींद घणीआवै येजीमें लक्षण होय तदि जाणिजे ईअ
म्लपित्तमें कफ मिल्योछै अथ अम्लपित्तको साध्य असा
ध्यलक्षणलिष्यते अम्लपित्तको रोग नवीन उपज्यो हो
य सोतो साध्यजतन करयांजाय अर योही घणादिनको
होयसो जाप्यजाणिजे अर योहीघणादिनको होय अर प

ध्यचालेनहीसोअसाध्यजाणिजे १ अथअम्लपित्त रोगका जतनलिष्यते अम्लपित्तरोगवालानें पटोलनींबकी छाल अरडूसो येबराबरिले त्यांको काढोकरि ईंसेती वमन करा जैतो अम्लपित्तजाय १ अथवा मेंढल सहतसींधोलुण यांकरि वमन कराजेतो अम्लपित्त जाय २ अथवा जुलाबसूं अम्लपित्तजाय ३ अथवा निसोत सहत आंवला यांको जुलाब देतो अम्लपित्त जाय ४ अथवा ऊर्ध्वगामी अम्लपित्त होय तीनें वमन कराजे अर अधोगामी अम्लपित्त होयतीनें जुलाबदीजे ५ अथवाजवाको सातू मिश्रीका संजोगसूं षायतो आम्लपित्तजाय ६ अथवा जव अरडूसो आंवला तज पत्रज इलायची यांको काढो सहत नांषि अर पीवैतो तत्काल अम्लपित्त जाय ७ अथवा गिलवैनींबकी छालि पटोल यांको काढो करि सहत नांषि पीवैतो महाभयंकरभी अम्लपित्तजाय ८ अथवा अरडूसो गिलवै पित्त पापडो चिरायतो नींबकी छालि जलभांगरो त्रिफला कुलत्थ यांको काढो सहत नांषि देतो अम्लपित्तजाय ९ इतिदशांग क्वाथः अथवा भोजन करिआंवलाको रसपीवैतो अम्लपित्तनें वमननें अरुचिनें दाहनें मोहनें तिमिरनें व्रणनें मूत्रका दोषनें येदूरि करैछै अर येथोही जुदापणानें दूरि करितरुण करेछै १० अथ कूष्मांडावलेहः पक्कापेठानें छोलिनीका बीजगिरिकाढि तीनें कूटितीको रसटका १०० भरले पाछै टका १०० सो भर ही गऊको दूधले अर टका आठ ८ भर आंवलाले-अर टका ८ भर मिश्रीले अर गऊको घृतटका २ भरलेया सानें मधुरी आंचसूं पकावैपाछै ईकीअवलेहकीसीचास

णीकरैपाछे टका १। भर अथवा टंक ५। रोजीनां षायतोअम्ल पित्तजाय ११ अथवा नालेरकीगिरीनें छोलितीनें पथर उपरिबांटिले पाछे वें गिरीसूं चौगुणी बाएा रस षांड ले-तीकी चासणी करे अर वें बांटि गिरीनें गऊका दूधमें पकायवेंको मावो करे ओ मावो चासणीमें नांषे पाछे ये ओष-दि मिहीं बांटि चासणीमें नांषे धणो पीपलामूल तज पत्रज नागकेसर इलायची ये सारी ओषदि टंक एक एक ले पाछे यासारांनें मिलाय यांको एकजीव कारि टका १। भरकी गोलीबांधे अथवा टंक ५ भरकी गोलीबांधे गोली १ रोजीनां षायतौ अम्लपित्तनें रक्तपित्तनें सूलनें दूरिकरै छै १२ इति नालेरषंडः ये सर्व जनन भाव प्रकासमें छै अथवा मीनका दाषनें धोयतांकी सींगि काढि ती बराबरि वडी हरडेकी बकलका चूर्णमें पाछे यांदोन्यांबराबरिमिश्री मिलाययांकी गोलीटंक२॥की बांधे पाछे गोली १ रोजीनां षायतौ अम्लपित्तनें हियाका कंठका दाहनें तिसनें मूर्च्छानें भौलिनें मंदाग्निनें आमवातनें दूरकरेछै १३ इति द्राक्षादिगुटिका अथवा सूंठि काली मिरचि पीपलि त्रिफला इलायची नागरमोथो वायविडंग पत्रज ये बराबरिलेया-सारांकी बराबरिलौंगनें यांसारांसूं दूणी निसोतनें यासारी ओषधांकी बराबरि मिश्री ले यांको चूरण करि टंक २ सीतलजलसूं लेतौ अम्लपित्त जाय १४ इति अविपत्तिकचूर

भा॰ अम्लपित्तरोगछै सोदुष्पट व्याधीछै· विद्वान वैद्य ई रोगनें पिछाणें· कारणईरोगमें घणी बारीकीछै· ईंकाउपावतो अनेक छै;परंतु आर्द्रका षंडेहलिष्योछैसोउत्तम औषधछै· तथापेठाको औषधभी घणो गुणकारीछै· प्रसिद्धछै·

एम् इति अम्लपित्त रोगकी उत्पत्ति लक्षण जतन संपूर्ण
म् अथ विसर्परोगकी उत्पत्ति लक्षण जतन लिष्यते लूण
षटाई गरमवस्तका षावासूं विसर्परोग पैदा होयछे सो ओ
विसर्परोग फैल्यो थको ७ प्रकारको छै. वायको १ पित्तको २
कफको ३ सन्निपातको ४ वातपित्तको ५ वातकफको ६
कफपित्तको ७ अथ विसर्परोगको सामान्यलक्षण लि
ष्यते लुण षटाई गरम ने आदिलेर ये पाछे लिष्याछे त्यांका
घणा षावासूं वायपित्त कफ ये कोपकूं प्राप्तिहोय सरीरका
लोहीने मांस उगेरे सात धातनें विगाडि शरीरमें छोटीवडी
फुणस्यांका मंडलने सरीरमें फैलायदछै ई वास्ते वैद्यांई रोग
को नाम विसर्प काड्यो छै १ अथ वायका विसर्पको लक्षण
लि० सरीरमें आपका कुपथ्यका करिवासूं वाय कोपकूं प्रा
प्ति होय सरीरमें कोठेही छोटी छोटी फुणस्यां पैदा करे त
दि फुणस्यां सरीरमें फैलिजाय तदि वाय ज्वरका सर्वलक्षण
वैमें मिलै अर वामैं सोजो होय आवे अर वामें पीड घणी हो
य अर वें फुणस्यां फाटिवा लागिजाय अर वांमे पांवसिरी
सी पीड घणी होय अर वांमे षुजालि घणी आवे १ अ
थ पित्तका विसर्पको लक्षण लिष्यते आपका कुपथ्यां-
सूं पित्त कोपकूं प्राप्ति होय सरीरमें छोटी वडी फुणस्यां
कुइ होय सो वें फैलिजाय तदि वांमें पित्तज्वरका सर्वलक्ष
ण मिलै अर वें फुणस्यां वेगदुर घणी फैलिजाय अर घणी
लाल होय २ अथ कफका विसर्परोगको लक्षण लिष्यते
आपका कुपथ्यका करिवासूं कफ कोपकूं प्राप्ति होय सरी
रमें छोटी मोटी फुणस्यांने फैलायदे पाछै वामें षाजि घणी
आवै अर वें फुणस्यां चीकणी होय अर वेमें कफ-

जूरका सर्वलक्षण मिलै ३ अथसन्निपातका विसर्प रोग कोलक्षणलिष्यते आपकाकुपथ्यका करिवासूं सन्निपात कोपकूं प्राप्ति होय सरीरमें छोटीवडी फुणस्यां पैदाकरिवां फुणस्यांने सरीरमें तत्काल फैलायदे अर वा फुणस्यांमें पा छै कह्याछै सोलक्षणवांमें होजाय अरसन्निपात ज्वरका सर्व लक्षण होजाय ४ अथवातपित्तविसर्परोगको लक्ष णलिष्यते जीका सरीरमें वायपित्त आपकाकुपथ्यकाकरि वासूं कोपकूं प्राप्ति होय सरीरमें छोटी वडी फुणस्यांमें पैदा करे सोवेफुणस्यांसरीरमें फैलिजाय तदि आग्नेयनाम वां फुणस्यांने कहै अग्निसरीसोवांकोरूपहोय अरजीमेंवा यपित्तज्वरकालक्षणमिलै अर छर्दी मूर्छा अतिसार ति स भ्रमयेभीजीमें होय अरसरीरका हाड टूटे अंगांमें पी डाहोय अंधेरी आवे अरुचिहोय सारोसरीर अंगारा सिरीसो बले जींजींस्थानमें होयतींतींस्थानने कालोकरि नांषे अथवानीलोकरिनांषे अथवा लाल करिनांषे जैसे लायका दाडयाके मर्मस्थानमें फैलिजाय वेंको अंगघणो पीडाकूं प्राप्तिहोय वेंकी संज्ञाजातीरहै नींद आवेनहीं सो- होय आवे हिचकी होयजाय सरीरमें चैन पडे नहीं मन देह सर्व विगडिजाय सरीरको ग्यानजातो रहै योविसर्प रोगनिपटअसाध्यजाणिजे ५ अथवातकफविसर्परोग कोलक्षणलिष्यते वायकफ आपका कुपथ्यका करिवासूं कोपकूं प्राप्तिहोय सरीरमें छोटी वडी फुणस्यांने पैदा करे वांने फैलायदे वांफुणस्यांने ग्रंथाख्यनामकहीजे वे गांठिसिरीसी होयछै यो पवन हैसो कफकरिकेरुक्यो य कोकफनें घणोप्रकारभेदे· पाछै त्वचा मांस नसांमें प्राप्त

हुवो जो लोहीत्तीनें ओ दूषित करै वडा छोटा गोल भाखा ष रधरा इसा गुमडाकी मालानें पैदाकरै तीमें घणी पीड- अर लाल लाल जुरनें लियो अर स्वास षास अतीसार मु षसोस हिचकी वमन भ्रम मोह सरीरको रंग ओरसो अर मूर्च्छा अंग फूटणी मंदाग्नि ये भीजीमें होयतदिजांणिजे वाय कफको विसर्परोगछै ६ अथ कफपित्तका विसर्परोगको ल क्षणलिष्यते कफपित्त आपका कुपथ्यका कारणसूं कोप कूं प्राप्ति हुवोथको सरीरमें छोटीवडी फुणस्यांनें पैदा करि यांनें फैलाय दूवांफुणस्यांनें वे धकर्दमहाभयंकरविसर्परोग कहेंछै तीमें ये लक्षणहोय जुर होय सरीर जकडबंद होजाय नींदआवैनहीं तंद्राहोय सरीरमें पीडा होय अंगमें फुट णी होय पलाप होय भ्रम होय भूषजातीरहै हाडांटूटैनि स होयसरीर भाखो होय आंवजाय इंद्रियांपकिजाय अंग अंगमें पीडा होय फुणस्यां सारासरीरमें घणी फैलै घणीला लचीकणी काली मैली सोजानें लीयां भारी मोडी पकै गंभीर जीको पाकजीमें वलण घणी संधिजीमें घणी कांपै सरी रकी नसांनीसरी रहै अरजीमें मुरदाकीसी दुरगंध आवै येजीमें लक्षण होय तीनें कर्दनामविसर्परोग कहिजे ७ अथ शस्त्रादिकका घावसूं उपज्योज्योविसर्पतीको लक्षण लिष्यते शस्त्रादिककी चोटलागिवासूं कोपकूं प्राप्त हुवो जो वाय सो लोही समेत पित्तकूं दुष्टकरे कुलत्थ्यसिरीसीस रीरमें फुणस्यांनें पैदा करे जो विसर्पछै पाछे धा फुणस्यां- का फोडा होजाय अर वांमें सोजो होय अर जुर होय ये भी होय जाय लोही कालो होजाय ८ अथ विसर्परोग को उपद्रव लिष्यते जुर होय अतीसार होय वमन होयति

सहोय मांसको विषरिवोबुद्धिठिकाणेरहैनहीं अरुचिअन्न पचैनहीं येईकाउपद्रवछै अथविसर्परोगको साध्य असाध्यलक्षणलि० वाय पित्त कफकी जुदा जोविसर्प अर अग्निसूं उपज्योज्योविसर्प अरमर्मस्थानमें उपज्योजोविसर्प रोगसो असाध्यजाणिजे १ अथविसर्परोगकाजतनलिष्यते जुलाब वमन औषधांकालेप रुधिर कढावो ये साराही जतन विसर्परोगनें आछ्या १ अथवायकाविसर्परोगको जतनलिष्यते रास्ना कमलगट्टा देवदारु रक्तचंदन महुवो षरैटी यांने बराबरिले यांनें दूध घृतसूं मिही वांटिलेप करे तोवायकोविसर्परोगजाय १ अथपित्तकाविसर्प रोगकोजतनलिष्यते किसोरचा सिंघाडा कमलगट्टा जलको सिवाल रक्तचंदन यांनें वांटिधोया घृत सीतल जलसूं लगावेतो विसर्परोगजाय २ अथकफकाविसर्परोगकोजतनलिष्यते त्रिफला कमलगट्टा षस लजालु कनीरकी जड नरसलकीजडजवासो यांनेंजलसूं मिही वांटिलेपकरेतो कफको विसर्पजाय ३ अथदशांगलेप: तगर सिरसकी जड महलोठी रक्तचंदन इलायची छड दोन्यू हलद नेत्रवाला यांनें मिहीवांटिजलसूं यांमें गऊको घृतनाषिलेप करेतोसर्व प्रकारको विसर्पजाय ४ अथवा चिरायतो अरडूसो कूटकी पटोल त्रिफला रक्तचंदन नींबकी छालियांनें बराबरिले यानेजौंकूटकरि टंक २ कोकाढोदेतो विसर्प रोगनें दाहनें जुरनें सोजानें षुजालिनें फोडानें वमननें इतनां रोगां

*विसर्परोगप्रसिद्धछै घणोदुष्टछै त्रिदोषयुक्त असाध्यछै जींवास्ते त्रिफलादिलेप लिष्योछै औषधछै: त्रिफलाकोप्रमाणतो हरडै बहेडा आंवला समभाग लेणा. और कोइक वैद्यसंप्रदायमें एकहरडै दोयबहेडा चार आंवला यो बी प्रमाण छै.

नैं योकादो दूरिकरैछै • ५ अथवा कणगच सतोन्यांकीवक
लकरहारीकीजड थोहरीकोदूध आककोदूध चित्रकजलभं
गरो हलद सींगीमोहरो ये सर्व एकेकटकाभरि अरगोमूंत-
सेर ३ लेपाणीसेर ३ तिलांकोतेलसेर १ पाछै यांनें एकठाकरै
पछै यांकैनीचै मधूरीआंचदे सर्व रस बलिजाय तेलमात्र-
आय रहै तादि ईंकोमर्दन करैतो विसर्पनैं फोडानैं ब्योंचीनैंयो
तेल दूरिकरैछै ६ ये सर्वजतन भाव प्रकासमैंछै अथवा बड
कीजटा नागरमोथो केलीको बिचलोगर्भ यांनें धोया घृत-
सूं लेपकरैतो विसर्परोगनैं गांठिनैं योलेप दूरिकरैछै ७ अथ
वा सिरसकी बकलनैं १०० सौवार धोये घृतकैसाथिमिहीवां
टिलेपकरैतो विसर्परोग सर्वप्रकारकोरोग जाय ८ अरको
ढ फोडा सीतला योसर्वरोग जोकफकालागवासूं निश्चैजाय
९ ये सर्वजतन वैद्यरहस्यमैंछै इतिविसर्परोगकीउत्पत्तिल
क्षणजतनसंपूर्णम् अथ स्नायुरोग स्नायु कहैंजेवालोतीं
रोगकीउत्पत्तिलक्षणजतनलि॰ षोटाजलकापीवासूं दुष्ट
अन्नकाषावासूं कोपकूं प्राप्त हुवोजो वाय सो हाथ पगांकैविषै
फफोलानैं अथवा सोजानैं करैछै • पाछैवा फफोलानैं ओ वाय
हैसो फोडिकरि कफोलांकीजागा ऊठे पित्त हैसो नसांनें सू-
काय तांति सिरीसा डोरानैं ओ कूपित हुवोथको जोवायतीनैं
करैछै सोतांति सिरीसो डोरा हैसो छाछि सातुका पींड बांधि
वासूं सनैसनै बारे निकलिपडै अर ओ टूटिजायतो कोपकूं
प्राप्तिहोय अर ओ बारे निकलि आवैतो ओ जातोरहै अर ओ
ओरससरीरमैं जातोरहै अथवा हाथमैं अथवा पगांमें कहीं
कारणसूं टूटिजायतो टूटे मनुष्यनैं षोडो करिदे येजीमैंलक्षण
होयतीनैं वालाकोरोगकहींजे १ अथ वालाका जतनलि

ष्यते हींगटंक ५ तीनैं सीतलजलसूं दिन ३ षायतौ वालाको रोगकदे होयनहीं १ गऊको घृत ।।· रोजीनां दिन ३ पीवैतौ वालाको रोगजाय २ अथवा निर्गुंडीको रस दिन ३ पईसा ४ भर रोजीनां दिन ३ पीवैतौ वालाको रोगजाय ३ अथवा कलौंजीकी जड सीतलजलसूं दिन ७ पीवैतौ वालाको रोगजाय ४ अथवा अरंडकी जडको रस गऊका घृतसूं दिन ७ पीवैतौ वालाको रोगजाय ५ अथवा अतीस नागरमोथो भाडंगी सूंठि पीपलि वहेडाकी छालिये बराबरि ले यानैं मिहीं वांटि टंक २ रोजीनां दिन ७ गरम पाणीसूं लेतौ वालोजाय ५ अथवा सहजणाकी जड अर पांन यांनैं कांजीका पाणीसूं वांटिसी थोलुण मिलाय पाछै वैनैं वाला ऊपरि बांधैतौ वालोजाय ७ अथवा कांटावाली जालीतींकी जड तीनैं जलसूं वांटि वाला ऊपरि दिन ७ बांधैतौ निश्चय वालोजाय ८ ये सर्वजतन भावप्रकासमें छै अथवा कूठ सूंठि सहजणाकी जड यांनैं पाणीसूं मिहीं वांटि वाला उपरि लेपकरै अथवा या औषधयांनैं पीवैतौ वालोजाय ९ अथवा धतूराका पानको तेललगाय वाला उपरि बांधैतौ वालोजाय १० अथवा वंबूलका बीजत्यांनैं कांजीसूं सिजाय वाला उपरि बांधैतौ वालोजाय ११ अथवा वालाका मंत्रसूं वालोजाय· सो मंत्र लिषूंछूं विरूपनाथधामनके पूत सूत काटि किये बहूत्त पाके फूटे पीडा करे विरूपनाथकी आज्ञा फुरै ई मंत्रसूं वाला ऊपरि गुडनें वार ७ मंत्रि वाला वालानै षवाजैतौ वालोजाय १२ ये जतन वैद्य रहस्यमें लिष्याछै अथवा कबूतरकी वीठकी सहतसूं गोलि बांधि दिन ७ निलगाय देतौ वालो कदेभी नीसरैनहीं १३ सो वैद्यरहस्यमें लिष्याछै अथवा सहतमें साजि वांटि ईको लेप

करैतो बालो जाय १४ इतिबालारोगकी उत्पत्तिलक्षणजत नसंपूर्णम् अथविस्फोटकरोगकी उत्पत्तिलक्षणजतन लिष्यते कडवीवस्तुका षावासूं षटाईषावासूं तीषीवस्तुकाषाव गरमवस्तुकाषावासूं लूषीवस्तुकाषावासूं षारीवस्तुकाषावा सूं अजीर्णकारहबासूं भोजनउपरिभोजनकरिवासूं ता वडामें रहवासूं सीत उष्णवर्षारितु ये जोतीक घणा अथवा नहीं अथवा यांका विपरितपणातें कोपकूं प्राप्त हुवाजो वा यपीत्त कफ ये दोषसो सरीरकी त्वचामें प्राप्त होय सरीर का लोहीनें अर मांसनें अर हाडनें दूषित करेछै सरीरमें भ यंकर फोडनें पैदा करेछै पहिली जूरनें उपजाय करिसोईनें विस्फोटकरोग कहीजे १ अथविस्फोटकरोगको लक्ष णलिष्यते जूरतो यांफोडांमें मानूं आगि सिरीसी दीनीछै ईसा फोडा होय वे फोडा रक्तपित्तसूं उपज्याछै सरीरमें सर्व त्र होय अथवा कहीं होय तीनें विस्फोटक कहीजे १ अथवा यका विस्फोटकको लक्षणलि० मथवाय होय फोडामें पीड होय जुर होय तिसतिस होय हाड फूटणी फोडाको व्रणहोय येलक्षणजानें वायको विस्फोटकजाणिजे १ अ थपित्तका विस्फोटकको लक्षणलिष्यते जुर होय दाह होय फोडामें पीडा होय फूटे वेगो पके वेगो रूझै वेगो तिसहो य फोडाको पीलो लाल वर्ण होय येलक्षण होयतो पित्त का विस्फोटक कहीजे २ अथ कफका विस्फोटकको लक्ष णलिष्यते छर्दि होय अरुचि होय मोडो पकैतीनें कफ को विस्फोटक जाणिजे ३ अथ वातपित्तका विस्फोटककोल क्षणलि० घणी पीडा होय अर वात पित्तका लक्षण मि लता होय तीनें वातपित्तको विस्फोटक जाणिजे ४

अथवायकफकाविस्फोटककोलक्षणलिष्यते सरीरभा
स्यौहोयषुजालिचालेतौ कफकोजानियें ५ अथपित्तकफ
काविस्फोटककोलक्षणलिष्यते षाजीआवे वेमेंदाह होय
जुरहोय छादणीहोय तौ कफपित्तकोजाणिजे ६ अथस-
न्निपातकाविस्फोटककोलक्षणलिष्यते फोडाकेवीचिषा
डोहोय अरऊंचोभी होय अर फोडोगाढोहोय थोडो पके फो
डामेंदाह होय ललाई घणी होय तिस होय मोह होय छर्दि
होय मूर्च्छा होय फोडामें पीडा होय जुर होय प्रलाप होय सरी
र कांपे ये लक्षण होयतौ ने सन्निपातकोविस्फोटक कहीजे
योअसाध्यछे ७ अथलोहीकाविस्फोटककोलक्षणलि
ष्यते जीमें पित्तका फोडका सर्व लक्षण होय फोडाकोचि
रमीसिरीसो वर्ण होय जीमें लोहीनीसरे जीमें दाह होय
पोजतनसूंभी आछ्यौ होयनहीं ८ अथविस्फोटककाउ
पद्रवलिष्यते तिस होय स्वास होय मांसकोसंकोच होय
वेमें दाह होय हिचकी चले जुर होय फोडा फैलिजाय मर्म-
स्थानमें ईकाउपद्रवछे ९ अथविस्फोटककोसाध्यअ
साध्यलक्षणलिष्यते एकदोषकोसाध्यदोयदोषकोकष्ट
साध्यत्रिदोषको अर घणाजीमें उपद्रवसो असाध्यछे १
अथविस्फोटकरोगकाजतनलिष्यते विस्फोटकरोगवाला
नें लंघन अर वमन अर जुलाब अर पथ्य भोजन अर पुरा
णी साली चावल जव गोहूं मूंग मसूर आर हड ये —

* धतूराकोरस नागरबेलकोरस चमलीकोरस रूपंदूदोबकोरस मैणसिल पारोगंध
ककजलीमें मेणसीलपीसकरजीमें सिरसेलतेल घाल करषरल करे पाछे च्याररसजी
में घाल षरल पहर २ करे कांचका ठांममें नयाचीणीका ठांममें घाले पछे लेपकरेतौ—
असाध्यविसर्पजाय विस्फोटकजाय सत्यऔषधीछे हमारी पतवालीछे

आछाछै १ अथवा दसमूलको काढो रास्ना दारुहलद्‌षसक टयाली गिलवे धणो नागरमोथो यांको काढो देतो वायको वि- स्फोटकजाय २ अथवा दाष कुंभेर छवारा पटोल नींबकी छा लि अर डूसो कुटकी चावलांकी षील जवासो यांको काढो कार देतो पित्तको विस्फोटकजाय ३ अथवा चिरायतो वच अरडू सो त्रिफला इंद्रजव कुडाकी छालि पटोल यांको काढो सहत मिलाय देतो कफको विस्फोटकजाय २ अथवा चिरायतो कु टकी नींबकी छालि महलोठी नागरमोथो पटोल पित्त पापडो षस त्रिफला कुडाकी छालि यांको काढो देतो सर्व प्रकारको विस्फोटकजाय ४ अथवा चावल कुडाकी छालि यांनें जल सूं मिहीवांटि फोडा उपरि लेप करेतो विस्फोटकजाय ५ अ थवा गिलवे पटोल चिरायतो अरडूसो नींबकी छालि पित्त पापडो षेरसार यांको काढो देतो विस्फोटकरोगकी जुर जाय ६ अथवा चंदन नागकेसरि गोरीसर चोलाईकी जड सिरसकी वकल चंवेलीका पांन यांनें जलसूं मिहीवांटि लेप करेतो विस्फोटकजाय ७ अथवा कमल गट्टा रक्तचंदन लोद षस गोरीसर यांनें जलसूं बांटि लेप करेतो विस्फोट कजाय ८ अथवा जीयापोताकी मींजी जलसूं बांटि लेपक रेतो विस्फोटकनें षाकोलाईनें गलाकी गांठिनें कानकी गांठिनें ओर फोडा फुणसी मात्रनें यो लेप दूरि करेछै ९ ये सर्वजतन भाव प्रकासमें छै· दशांगलेप किशोर गूग लयेभी ईनें आछ्याछै इति विस्फोटकरोगकी उत्पत्तिल क्षणजतन संपूर्णम् अथ फिरंगरोगकी उत्पत्तिलक्षण जतनलिष्यते यो फिरंगरोग उपदंशवायको भेद छै सो घ णी गरमवाली स्त्रीयांका संग करिवासूं अथवा-

वेंकोसंग कहींओर कस्यो होयसोओऊंठेमूतेऊठेयोभीमूं
ते अथवावेंको कहींतरे भोजनादिकको संग करेतो वायका
कोपका कारणासूं कोपकूं प्राप्त होय ईरोगनें प्रगट करै
अथवा योधीण पुरषहोय अर मैथुन वारंवार करै तदि-
निपट योक्षीणपडैतदि ईके बंधेज रहेनहीं अर ईके वाय
कीनानाप्रकारकीसरीरमें पीडा होय तदिईका वायपित्तक
फ येसाराही कोपकूं प्राप्ति होय ई आगंतुकनाम फिरंग
वायनें ये दोष प्राप्ति करै सोफिरंगवाय तीन प्रकारको छै स
रीरके मांहिनसांमें धसिजाय १ सरीरकीत्वचाके ऊपरि रहै
२ अरमांहीबारैभी रहै ३ अथवा सरीरकीत्वचाकेवारै हो
यतींकोलक्षणलिष्यते लींगेंद्रीकेऊपरि फुणसी अर फा
टिवा उगेरैचिन्ह होय अरऊंठेयोडी पीडा होय सोना सु
षसाध्यही छै योजतन कस्यां मिटिजाय १ अथ सरीरकी
संध्यामें अर नसांमें धसिगयो होय तींको लक्षण लिष्य
ते सरीरमें कीडी काल्या होय इसाचारा पडिजाय मोरिया
में जांघामें पीड्यामें यामें घणी पीडा होय अरऊंठेसोजो
होय यो कष्टसाध्यछै २ अथ सरीरकेमांहिवारै होय
तींको लक्षणलिष्यते ये सर्व लक्षण कस्या छै सो होय
अर घणांदिनांलां ईरहैसो घणो कष्टसाध्यछै ३ अथ
फिरंग वायका उपद्रवलिष्यते सरीरक्षीण पडिजाय बल
जातो रहै नांक गलिजाय अग्निमंद होय मांस रुधिर
जातो रहै अर हाड मात्र आय रहै ये ईका उपद्रव छैये
आछयानहीं १ अथफिरंगवायका जतन लिष्यते र
सकपूरका साध्यासेती फिरंगवाय निश्चैजायसोरस क
पूरका साधिवाकी अर षावाकी विधिलिष्यते रस कपूर

रत्ती ४ लेतीनें गोहूका चूननें पाणीसूं ओसणी तीके वि
चि रस कपूर मेलि वैकी गोली करै पाछै लवंगानें मिही वां
टि अर गोहूका चूनकी गोली रसकपूर समेति वैनें लवंगा
का चूणमें लपेटै पाछै वे गोलिनें निगलिजाय दांत लगावै
नहीं सीतल जलसूं निगलै ईउपरि नागवेलीको पांन चावै
काथा चूनाबिना ईउपरि लुणषायनहीं षटाई षायनहीं घे
टकरैनहीं नावडे रहैनहीं इसीतरै दिन २ करैतो फिरंगवा
यजाय २ अथसप्रसरणगुटिकालिष्यते पारो टंक ९ षं
रसार टंक ९ अकलकरो टंक २ सेहत टंक ३ यां सारांनें
षरलमें मिही वांटि यांको येकजीवकरै पाछै यांकी गोली
सात ७ करै गोली १ रोजीनां प्रभात सीतल जलसूं लेतो
फिरंगवाय जाय ई ऊपरि लुण षटाई षायनहीं २ अथ
वा पारो टंक २ आंवलासारगंधक टंक २ चावल टंक २
यांतीन्यांने षरलमें मिही वांटि कजली करै पाछै यांकी
पुडी सात ७ करैपाछै पुडी १ एकेककी रोजीनां ईंद्रीकै धू
णीदैतो फिरंगवायजाय ३ अथवा पीला फूलकी षरेंटी
का पानाकोरस टंक १ ले अर पारो टंक १ ले या दोन्यानें दो
न्यूं हाथामें मसलि पारानैं अर वैरसनें हाथामें चराय दै पा
छै दोसै जठांताई पाछै यां हाथांनें स्योंतपायले पसेव आवै
जठांताई इसातरैं दिन ७ करैतो फिरंगजाय अर लुण षटा
ई षायनहीं ४ अथवा नींबका पांन टंक ८ हरडेकी छालि
टंक ७ आंवला टंक ७ हलद टंक १ पारो यासारांनें मिही वांटि
मासा ४ ईनें सीतलजलसूं रोजीनां दिन ७ लेतो फिरंग
वाय मांहिलो अर बारलो जाय ५ अथवा चोप चीनीको
चूरण मासा ४ सहतसूं दिन १५ चाटैतो फिरंगवायजाय

ईऊपरिलुणषटाई षायनहीं अर षायतौ सींधोलुणषाय ६ अथवा पारो टंक १ तीनैकटसेलाका रससैंती षरलकरे पाछै ईमें गूगल टंक ५ नांषे अकलकरो टंक ५ त्रिफला टंक ५ यामिहीं वांटि ईमें नांषे पाछै सहत टंक ५ गऊको घृत टंक ५ ईकैसाथि ईचूरणनें टंक १ रोजीनां दिन २१ षायतौ अथवा ईको मर्दन करेतौ फिरंगवायजाय ईऊपरिलुणषटाईषायनहीं ७ ये सर्वजतन भावप्रकासमें लिष्याछै अथवा जुलाबसूं अथवा लोहीका कढावासूं फिरंगवायजाय ८ अथवा पारो हींगलू नीलोथूथो हीराकसीस मोध्यो आंवलासार गंधक ये बराबरिले त्यांनें षरलमें मिहीं वांटिएकजीवकरि ईको भुरको दे अथवा ईको लेप करेतौ फिरंगवायजाय ९ इतिसूतकाद्योलेपः अथवा १०० सौ वारको धोयो घृत तींकोलेप करेतौ फिरंगवायजाय १० अथवा कडवो तेल टंका ११ मोम टंक ५ कपेलो वेरजो ये दोन्यूं अधेला भरिदे सिंदूर टंक २ ले सोरो टंक दोय २ ले मुरदासींगी टंक २ यां सारानें मिहीं वांटि पीतलका पात्रमें मधूरी आंचसूं यांने पकाय पाछै आपका हाथासूं मथि डाबीमें घालराषे पाछै ईकी कागलीदेतौ फिरंगका गूमडानें उपदंसनें घावनें या मल्हीम आछया करेंछै १२ इतिमलहरमल्हिम अथवा सिंदूर अधपाव ॥ गऊको घृत सेर १ या दोन्यांनें मंथि सरीरकै लेप करे तो पाछै कोदूका परालनें सरीरकै लपेटे ईसीतरें दिन ३ करे ई ऊपरि

ः फिरंगवायरोगछै जीकै अनेक उपावकह्याछै; परन्तु भिलावाकी औषधी विद्वान् वैद्यकनै ले अथवा वैद्य आपका षातरीमुजब सोध्याभिलांवाको उपचार करेतौ यो रोगजाय; परंतु हमारालिष्यापरकी कोई यो भिलावा षीसी नहीं कारणजहरीजिनसछै वास्तै वैद्यका हाथसूं लेसी तो स्रुष होसी

षीरषायतो व्रणमात्रविस्फोटकफिरंगका गूम डायेसर्व सू किजाय १३ अथवा पारो अरसीसो ये बराबरिले पाछे या दोन्यांकी षरलमें कजलीकरै अर गोहांका तुस आमली का चीयां नींबका पान घरकोधूमसो ये सारा बराबरिलेयांनेनींब कारससूं षरलकरे पाछे टंक २ भरकी गोली बांधे पाछे सरी रनें वस्त्रसूं ढांकि करि इसीतरै दिन ७ गोली १ की धूणी लेतो सर्व प्रकारको विस्फोटकजाय ई ऊपरिषीर षाय दिन २१ तथा १४ अथवा त्रिफला षैरसार जाय पत्री ये बराबरिले यानें पाणीमें औटाय मूंढानेंधोवे पाछे धूणीलेतो फिरंगवा यजाय १५ अथवा कालोजीरो कूठ ये दोन्यूं तीन टंकले अर पुराणो गुड यांसूं तिगुणोले यानें कूटियांकी गोली १५ पंद्रह करे पाछेगोली १ प्रभात गोली १ एक संध्या षायतो फिरंगवायजाय ईऊपरिगोहांकी रोटि घृतसूंचोपडिषाय १६ इति फिरंगगजकेसरीरस: अथवा हींगलूमासा ६ स्हागो मासा १० अकलकरो मासा १० मोम मासा १० पा छे यांने मिहीवांटि ईकी गोली रत्ती १ प्रमाणकी करे पाछेवो लीका कोइलामें गोली १ एकेकको दिन ७ धूणी देतो फिरंग जाय १७ अथवा सहजणाकी वकल वडकी वकल झाऊं की वकल नींबकी वकल जलभांगरो कट्यालो कचनारकी वकल यांको काढोलेतोफिरंगवायजायदिन ७में १८ अथ वा हींगलू मासा ४ मेणसील मासा ४ यांने मिही वांटिबोर की लकडीकी अग्निमें मासा २ की धूणी दे निवर्तस्थान में कपडोउढायतोफिरंगवायजाय १९ इति हिंगुलादि धूम गुदाकैदे अथरसकपूर मूंढे आयो होयतींको जतन लिष्य ते पीपलिकी वकल गुलरीकी वकलले पूक्ष ज्यो छो-

